







# आरडीएसएस योजना का हाल बेहाल, अधर में लटके कार्य

## समय पर नहीं हुआ पूरा काम, एक साल का और दिया गया मौका, केवल 137 फीडर पर काम पूरा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई देने और कृषि फीडर को अलग करने के लिये आरडीएसएस योजना जिले में शुरू की गई. ठेका कम्पनी को दो साल में फीडर सेपरेशन का काम पूरा करना था लेकिन कछुआ गति से चल रहे काम एवं पेटी ठेकेदारो को काम बांटने के कारण योजना का हाल बेहाल हो गया है. लिहाजा फीडर सेपरेशन का कार्य अधर में लटका हुआ है. पेटी ठेकेदार सामान लेकर घर बैठ गये है.**



271 फीडर सेपरेशन का काम करना था और अभी तक केवल 137 फीडर ही पूरे हो पाए है, शेष कार्य अधर में लटके है. दो साल पूरे होने के बाद कम्पनी को एक साल का और मौका दिया गया. जिसकी समय सीमा खत्म होने वाली है और अभी तक 60 फीसदी ही काम पूरा हो पाया है. 2023 में केन्द्र सरकार ने आडीएसएस योजना शुरू की थी. योजना का उद्देश्य था कि बिजली संचालन में सुधार हो और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिले. कृषि फीडरो को अलग किया जाय.

अशोक इन्फ्रा को इसका काम मिला, कम्पनी ने शुरू में ही काम के प्रति लापरवाही दिखाई. जिसके कारण समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी फीडर सेपरेशन का काम पूरा नही हो पाया. इतना ही नही योजना को लेकर मुख्य सचिव तक मामला पहुंचा. उसके बाद भी कम्पनी के कार्यप्रणाली में कोई सुधार नही हुआ. जिले में बैठे विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण यंत्री से लेकर नोडल अधिकारियों ने भी कोई ध्यान नही दिया. किसानो को 10 घंटे बिजली फीडर सेपरेशन से मिलनी थी. जिस तरह से काम चल रहा है उससे नही लगता कि एक साल में भी फीडर सेपरेशन का काम पूरा हो जाएगा.

### योजना में होने थे ये यह काम, नहीं हुए पूरे

आरडीएसएस योजना के तहत फीडर सेपरेशन 271 करने थे, इसके साथ ही 33 केव्ही उपकेन्द्र 23 बनाए जाने थे और 33/11 केव्ही उपकेन्द्र 6 बनाए जाने थे, जिसमें सभी पूरे हो चुके है. इसी तरह कैपेसिटर बैंक 31 बनाए जाने थे जो बन गये है. 33 केव्ही उपकेन्द्र के कार्य अभी अधूरे है तो वही 271 में केवल 137 फीडर सेपरेशन का काम पूरा हो पाया है. कम्पनी ने खुद फीडर सेपरेशन का काम करने में रूचि नही दिखाई और रीवा-मऊगंज के स्थानीय ठेकेदारो को पेटी पर काम दे दिया. नतीजन स्थानीय ठेकेदारो ने काम नही किया, कई जगह पोल खड़े है डीपी खड़ी है लेकिन तार-केबल नही लगाया गया. कम्पनी से स्थानीय पेटी ठेकेदारो ने सामग्री तो ले ली और काम पूरा नही किया. उधर पेटी ठेकेदारो का कहना है कि कम्पनी ने भुगतान पूरा नही किया. जिसके कारण वह काम नही कर रहे और सामान दबाकर बैठ गये है.

# महिला उत्पीड़न के आरोपों से एक बार फिर घिरे क्षेत्रीय अधिकारी

**नवभारत न्यूज**


**रीवा, 8 दिसम्बर, म.प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एवं अधीक्षण यंत्री संजीव कुमार मेहरा फिर चर्चा में है. उनकी मुश्किले कम होने का नाम नही ले रही है. एक और शिकायत के बाद जांच का सामने करना पड़ेगा.**

उन पर महिला उत्पीडन से जुड़ा गंभीर आरोप लगाया गया है. जिस पर पर्यावरण विभाग की उप सचिव वर्षा सोलंकी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव ए.ए मिश्रा को पत्र लिखकर जांच करने के लिये कहा है. इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के अध्यक्ष की ओर से संजीव मेहरा के विरूद्ध शिकायत पत्र सौपा गया है, जिसमें गंभीर प्रकृति के आरोप लगाए गए है. कुछ समय पहले ही श्री मेहरा की पोस्टिंग रीवा में हुई है और यहा आते ही विवाद शुरू हो गया है.

बताया जा रहा है कि पूर्व में वह दूसरे जिले में पदस्थ रहे है तो वहा पर एक महिला सहकर्मी के शोषण का आरोप लगा था. उस महिला के परिवार से जुड़े लोगो ने भी शिकायत की है. साथ ही अब ब्राम्हण महासभा की ओर से दिये गये ज्ञापन के बाद संजीव मेहरा की मुश्किले बढ़ने लगी है. कुछ समय पहले सिंगरौली में पदस्थ रहे है वहा भी एक अन्य प्रकरण में इसी तरह के आरोपो से उनका सामना हुआ था. जिस पर जांच रिपोर्ट भी आई और उसमें उन्हे तत्काल दूसरी जगह पदस्थ करने की अनुशंसा की गई थी, इसी वजह से रीवा में पदस्थ किया गया. वहा भी महिला सहकर्मी ने भोपाल पहुंचकर मुख्यालय के अधिकारियों से शिकायत की थी. जिसमें कहा था कि वह काम के दौरान अभद्रता और छेड़खानी करते है. एक मामले के बाद दूसरे मामले के सामने आने के बाद मेहरा की मुश्किले बढ़ गई है. बताया जा रहा है कि कुछ कर्मचारियों ने भी अलग से शिकायत की है, जिससे अधीनस्थो के साथ बर्ताव सही न होने का आरोप शामिल है. हाल ही में रीवा क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में पदस्थ हुए है. इसके पहले भी श्री मेहरा रीवा में रह चुके है. तब भी कुछ कर्मचारियों के साथ तालमेल ठीक नही थे और विवाद की स्थित निर्मित हुई थी. शिकायत के बाद अब फिर से मुश्किले बढ़ती नजर आ रही है. इस संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी संजीव मेहरा से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन बात नही हो पाई. अब देखना यह है कि जांच में कौन से तथ्य सामने आते है और क्या होता है.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा



**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 9 दिसम्बर को रीवा आएंगे. उप मुख्यमंत्री खजुराहों में सुबह 11 बजे से आयोजित कैबिनेट की बैठक में शामिल होंगे. इसके बाद उप मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे से आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल होकर दोपहर 3 बजे खजुराहो से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 7 बजे रीवा पहुंचेंगे. उप मुख्यमंत्री रीवा में रात्रि विश्राम करेंगे.

### आज आएंगे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार



**रीवा,** मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार दिल्ली से चलकर मंगलवार की शाम 7 .35 पर रीवा पहुंचेगे. जहा रात्रि विश्राम नवीन सर्किट हाउस रीवा में करेगे और दूसरे दिन बुधवार को सुबह 8 बजे रीवा से प्रस्थान कर 11 बजे जिला सिंगरौली के झलरी पहुंचेगे और शाम 7 .50 पर वापस रीवा आएगे. उसके बाद भोपाल के लिये रवाना हो जाएगे. रीवा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया जायेगा. उक्त जानकारी कांग्रेस के प्रवक्ता डा. विनोद शर्मा ने दी है.

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 9 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, रोजगार मेले की तैयारी, ई आफिस, संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में की गई कार्यवाही तथा कृषि आदान की समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### कृषि, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग की बैठक आज

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कृषि, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक 9 दिसंबर को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित की गयी है. कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में आर्गेनिक खेती कार्य का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण के साथ ही कलेक्टर्स कान्फ्रेंस में विभागीय एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की जायेगी.

### खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कल

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 10 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे से रीवा संभाग अन्तर्गत खनिज कार्यों की समीक्षा करेंगे. कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के विरूद्ध की गई कार्यवाही, राजस्व प्राप्ति व वित्तीय स्थिति की समीक्षा के साथ ही चालू परियोजनाओं और लक्ष्यों की पूर्ति एवं एटीआर के बिन्दुओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी.

### कमिश्नर माह के तीसरे मंगलवार को करेंगे समीक्षा

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों की समीक्षा करेंगे. गूगल मीट के माध्यम से की जाने वाली समीक्षा में संभागन्तर्गत जिलों के कलेक्टर्स से समीक्षा के बिन्दुओं पर चर्चा होगी. इस दौरान विभाग के एल-1 अधिकारी भी शामिल होंगे.




### प्रचार वाहन को दिखाई गई हरी झण्डी

**रीवा,** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के उपलक्ष्य में प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया. इसे अवसर पर सुधीर सिंह राठौड़ जिला न्यायाधीश, श्रीमती शिवानी शर्मा मुख्य न्यायिक रजिस्ट्रेट, पन्ना नागेश न्यायिक मजिस्ट्रेट, अभय कुमार मिश्रा विधिक सहायता अधिकारी, अंकुर मिश्रा असिस्टेंट लीगल डिफ्रेंस काउसिल उपस्थित रहे.

### राम कथा 13 से

**रीवा,** 13 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक नौ दिवसीय श्री दिब्य रामकथा और रामार्चा रीवा शहर के बाईपास मे स्थित भगवान परसुराम आश्रम मे 13 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक नौ दिवसीय श्री दिब्य रामकथा और रामार्चा का आयोजन होने जा रहा है. यह भब्य धार्मिक आयोजन चित्रकूट धाम के श्री श्री 1008 सनकादिक महराज के सानिध्य मे गत वर्ष हुए झलबदरी तालाब प्रागण मे एतिहासिक 1008 कुन्डीय महायज्ञ के वारिकोत्सव के रुप मे हो रहा है. श्री राम भक्त सनकादिक महराज परसुराम मे साधू संन्तो के साथ पधार चुके है. धार्मिक आयोजन को लोक कल्याण कारी बनाने के उध्देश से लोगों से विचार बिमर्स चर्च परिचर्चा कौर दौर शुरु हो गया है.

# बैठक में पेंशनर्स दिवस मनाने का लिया गया निर्णय

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला रीवा की बैठक संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.**

बैठक में सभी तहसील शाखाओ के अध्यक्ष एवं पेंशनर्स उपस्थित थे. पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में हर्षोल्लास के साथ पेंशनर्स दिवस मनाने का निर्णय पूर्व की दौ बैठको में लिया गया था.

बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने अपने-अपने उद्बोधन में वर्ष 2025 में पेंशनर्स दिवस की उत्साह पूर्वक मनाने की बात रखी जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनि मति से प्रस्ताव पारित करते हुए कार्यक्रम आयोजित करने की सहमति प्रदान की गई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री तिवारी ने पेंशनरों से सदस्यता अभियान सघन रूप से चलाने पर जोर दिया और संगठन को अधिक शक्तिशाली बनाने का आव्हन किया. संगठन में ही शक्ति होती है, मजबूत संगठन से ही पेंशनरों की मांगो का निराकरण कराना संभव होगा. बैठक में यदुवीर प्रसाद द्विवेदी, रामगोपाल मिश्र, वंशगोपाल त्रिपाठी, राजर्षिदेव पाण्डेय, सिद्धमुनि शर्मा, एन.पी. अग्निहोत्री, सी.एम. शर्मा, लालमणि नापित, उमाकान्त तिवारी, मंगलेश्वर मौजूद रहे.

# हाईकोर्ट ने एसपी रीवा को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में मांगा जवाब

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, रीवा के डभौरा थाना अन्तर्गत एक वर्ष पूर्व आदिवासियों के खेत की बाड़ी तोड़ कर मारपीट किये जाने के मामले में कार्यवाही न किये जाने को लेकर पीड़ित पक्ष हाईकोर्ट की शरण ली. जहा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ए.के पालीवाल द्वारा मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को चार सप्ताह के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया है.**

मामले की पैरवी पीड़ित संजय कुमार कोल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंह द्वारा की गई. बताया गया है कि 30 अक्टूबर 2024 की शाम पांच बजे डभौरा थाना अन्तर्गत कोलपरा में आरोपी नारेन्द्र कुमार दुबे, दीपेश, मंगल, शुभम, गौरव दुबे सभी निवासी डभौरा द्वारा संजय कुमार कोल, कमलेश कोल, रंजीत कोल सभी निवासी डभौरा जो कि कोलपरा जंगल में अधिया में खेत बोये थे. जहा पहुंचे आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए बोये खेत को नष्ट कर दिया और जान से मारने की धमकी दी. जिसकी रिपोर्ट डभौरा थाने में की गई, लेकिन थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही नही की गई. जिसके बाद मामले की शिकायत एसपी से की गई और तत्कालीन एसडीओपी डभौरा द्वारा मौके पर जाकर घटना की जांच की गई. साथ ही फरियादी सहित अन्य के कथन लिये गये और जांच प्रतिवेदन एसपी को प्रस्तुत किया गया.

घटना प्रमाणित होना पाया गया लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई. जिसके बाद फरियादी संजय कोल द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण ली. मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए.के पालीवाल ने 28 नवम्बर को आदेश पारित करते हुए पुलिस अधीक्षक रीवा सहित अन्य को चार सप्ताह के भीतर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है. पीड़ित द्वारा थाने से लेकर एसपी कार्यालय का चक्कर काटा गया. जब कही कोई कार्यवाही नही हुई तो न्यायालय जाना पड़ा.

### रतहरा में आज लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रीवा, 8 दिसम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रतहरा में 9 दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा. शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे. कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं.

# बोदाबाग शिविर में 291 मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, नगर निगम के विभिन्न वार्डों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिक में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं.**



इस क्रम में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोदाबाग में आयोजित शिविर में 291 रोगियों की जाँच की गई. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई. इसके साथ-साथ संभावित क्षय रोगियों, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, कैंसर तथा अन्य रोगों से पीड़ितों की भी नि:शुल्क जाँच की गई. शिविर में रोगियों को स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा सेवाओं की जानकारी दी गई. शिविर में पात्र आवेदकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उसका वितरण किया गया.

# ग्राम पंचायतों के समन्वय से छोटी बसाहटों में पेयजल आपूर्ति कार्य पूर्ण करें : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जारी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की.**



उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के समन्वय से छोटी बसाहटों में भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हर घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुँचाने के लक्ष्य को साकार करने में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बीच प्रभावी समन्वय महत्वपूर्ण है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हिनौती गौधाम के विकास कार्यों की भी समीक्षा की. उन्होंने शेड निर्माण के प्रस्ताव को क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप पुनरीक्षित करने के निर्देश दिए. उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गौवंश विहार को नैचुरल फॉर्मिंग (प्राकृतिक खेती) के मॉडल पर उन्नयन किया जाना है, इसके लिए हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाये. बैठक में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी; प्रमुख सचिव पीएचई मौजूद रहे.

# कार्डियोलॉजी विभाग ने 1 माह में किए 5 जटिल प्रोसीजर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, मरीज का उपचार और चिकित्सा के क्षेत्र में रीवा में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग ने एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित किया है.**




हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एस के त्रिपाठी ने महज 1 माह के भीतर तीन सीआरडीटी, एक एआईसीडी और एक सीएसपी जैसे अत्यंत जटिल प्रोसीजर सफलतापूर्वक संपूर्ण कर मरीजों को हॉट ब्लॉक एवं हार्ट फेलियर जैसी जानलेवा स्थितियों से बचाया है. इसके साथ ही रीवा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एक माह में इतनी बड़ी संख्या में सीआरटीडी, सीएसपी और एआईसीडी प्रोसीजर करने वाला प्रदेश का पहला चिकित्सालय बन गया है. डा. एसके त्रिपाठी के मुताबिक इस प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा पर होने की स्थिति में दीर्घागामी परिणाम मिलते है, जिसमें हृदय की पंपिंग दक्षता में सुधार होता है, हृदय गति सामान्य होने से चक्कर आना, बेहोशी और थकान जैसे लक्षण काम होते हैं. हार्ड फेलियर के मरीजों में सांस फूलना कम हो जाता है, इसके अलावा हार्ट फेलियर के कारण बार-बार अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता काफी हद तक काम हो जाती है. किसी भी जटिल प्रोसीजर की सफलता में टीम की अहम भूमिका होती है. सफलता पर डीन डा. सुनील अग्रवाल ने बधाई दी है.

# पति ने वायरल किया बेडरूम का वीडियो, पत्नी पहुंची थाना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, रीवा में एक पति ने दहेज की डिमांड पूरी न होने पर पत्नी के साथ बेडरूम का अंतरंग वीडियो ही सोशल मीडिया में वायरल कर दिया.**

पीड़िता समान थाना पहुंची और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए दहेज की डिमांड पूरी ना होने पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है. पीड़िता का आरोप है की शादी से पहले ही उसके परिवारजनों से पति द्वारा 3 लाख की डिमांड की गई थी, लेकिन 2 लाख देने के बाद भी वह और पैसों की मांग कर रहा था. पीड़िता का आरोप है कि पहले तो आरोपी पति ने उसे अपने भरोसे में लिया और बेडरूम का सीक्रेट वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद करने के बाद उसे ब्लैकमेल करने लगा. पत्नी के मुताबिक आरोपी पति की डिमांड पूरी न होने के बाद पति ने वीडियो को सोशल मीडिया में पोस्ट कर वायरल कर दिया है. पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी 7 माह पूर्व 10 मई को हुई थी.

# मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 को

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है.**

आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार अब मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 दिसम्बर को किया जाएगा. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी रिटर्निंग आफीसर 11 दिसम्बर तक गणना पत्रक का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें. 12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक अंतिम मतदाता सूची का प्रारूप तैयार कर लें. मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों तथा निर्धारित कार्यालयों में 16 दिसम्बर को होगा. मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 2026 तक दर्ज कराई जा सकती हैं.

# ताला तोड़ कर भतीजे ने ही चोरी की वारदात को दिया था अंजाम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 दिसम्बर, सूने मकान का ताला तोड़ कर घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नही बल्कि भतीजा ही निकला. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया है.**

बिछिया थाना अन्तर्गत सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया. पूरा परिवार 8 नवम्बर की रात शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था और इसी बीच चोरी की वारदात हुई. देर रात जब घर के लोग वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा था और घर का सामान गायब था.

पीड़ित नाजमीन बेगम निवासी तकिया बिछिया ने थाने पहुंचकर चोरी की जानकारी दी. आलमारी के लाकर से सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी पार किये गये थे. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. अलग-अलग टीम बनाई गई साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये. जिसके बाद संदेही आफताब खान उर्फ राज पिता रज्जी इमामुद्दीन निवासी तकिया बिछिया को पकड़ा गया. पूंछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया.

आरोपी के पास से एक अदद सोने की अंगुठी, एक अदद सोने की नथिया, एक अदद सोने की मंगलसूत्र एवं तीन जोड़ चांदी का पायल कुल कीमती करीबन 95000/- रूपये बरामद किया गया. पुलिस ने पूंछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया. इस मामले में उप निरीक्षक और स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा.